नईदुनिया

# झारखंड के गोदरमाना से नगर में खपाई जा रही थी शराब

Publish Date: | Fri, 17 Apr 2020 05:10 AM (IST)

बलरामपुर-रामानुजगंज (नईदुनिया न्यूज)। नगर से लगे झारखंड की सीमा पर स्थित गोदरमाना के एक होटल में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। झारखंड आबकारी विभाग की टीम ने सूचना पर छापा मारकर उक्त शराब जब्त की। उक्त शराब रामानुजगंज इलाके में खपाई जा रही है जिसके नकली होने की आशंका जताई जा रही है।

लाकडाउन में सभी शराब दुकानों के बंद होने से देसी व अंग्रेजी शराब की चोरी छिपे बिक्री बढ़ गई है। रामानुजगंज सहित आसपास के इलाके में झारखंड के गोदरमाना से काफी दिनों से अवैध शराब खपाई जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर गढ़वा जिले के आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम गोदरमाना के भंडरिया मोड़ पर स्थित एक होटल में छापा मारकर 107 पाव इंपीरियर ब्लू नामक शराब बरामद की है।

नकली है या असली, होगी फोरेंसिक जांच

गढ़वा जिले के आबकारी इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने नईदुनिया से चर्चा के दौरान कहा कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोदरमाना में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। छापेमारी के दौरान उक्त खराब बरामद की गई। प्रथम दृष्टया यह शराब नकली प्रतीत हो रही है। इसके लिए फोरेंसिक जांच जरूरी है। लाकडाउन खत्म होने के बाद शराब के सैंपल को कोलकाता जांच के लिए भेजा जाएगा।

नगर में भी अंग्रेजी शराब की हो रही तस्करी

लाकडाउन के कारण शराब की कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं। शराब दुकान बंद होने के बाद जिनके पास शराब का स्टाक है वे इसका फायदा उठा रहे हैं। नगर में कई ऐसी जगह है जहां लाकडाउन के बाद भी कई गुना अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की जा रही है। सूत्रों ने मुताबिक रामानुजगंज के कई जगहों पर आठ सौ रुपये वाले शराब की बोतल वर्तमान में तीन हजार रूपये तक बिक रही है।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/balrampur-liquor-was-being-consumed-in-the-city-from-godramana-in-jharkhand-5510431